भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1808

<u>दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

तमिलनाडु में विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) की स्थापना

1808. डॉ॰ टी॰आर॰ पारिवेन्धरः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के पेरम्बलुर जिले में विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) की स्थापना का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस एसईजेड को कब तक स्थापित और चालू किया जाएगा;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) सरकार द्वारा देश में गत तीन वर्षों के दौरान राज्य–वार कुल कितने विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना की गई है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) : जी, नहीं, तमिलनाडु के पेराम्बलूर जिले में एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है । विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना मुख्यत: निजी निवेशोन्मुख है । केन्द्रीय सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में किसी एसईजेड की स्थापना नहीं की है ।

******